आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 14.09.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को सफल और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए ब्रिक्स नेताओं का आभार व्यक्त किया।
- कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा— नारी शक्ति की भागीदारी से ही बनेगा सशक्त और विकसित भारत।
- सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जिला प्रशासन का अभियान जारी। एक हजार 776 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 532 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त।
- चमोली जिले में शोध के साथ ही किसानों को रोजगार उपलब्ध करा रहा जड़ी—बूटी शोध संस्थान। औषधीय पौधों की खेती को मिल रहा प्रोत्साहन।

## ब्रिक्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों के नेताओं का दिल्ली में हुए शिखर सम्मेलन को सफल और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए आभार व्यक्त किया है। दो दिन के शिखर सम्मेलन के विशेष क्षणों को दर्शाने वाला एक वीडियो प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया गया है। वीडियो में प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स के माध्यम से भारत ने विश्व स्तर पर मित्रता, साझेदारी और सहयोग को आगे बढ़ाया है। श्री मोदी ने कहा कि शिखर सम्मेलन में अपनाया गया 'नई दिल्ली घोषणापत्र' साझा दृष्टिकोण और भविष्य के सहयोग के लिए स्पष्ट दिशा देगा।

## नारी शक्ति समारोह

कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं और पहल संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। श्री कौशिक, हरिद्वार के भूपतवाला में भारतीय जनता पार्टी की ओर से महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्तिकरण को समर्पित नारी शक्ति वंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराए बिना विकसित भारत के संकल्प को पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में देश की आधी आबादी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सशक्त होंगी, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत होगा।

**ओपन जिम/पार्क**

पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार में सरकार और वन विभाग की ओर से तैयार किए गए पार्क और ओपन जिम लोगों को खुले वातावरण में समय बिताने और स्वस्थ रहने का अवसर दे रहे हैं। कोटद्वार में करीब 6 से 7 ओपन जिम के साथ एक प्रमुख पार्क बनाया गया है, जबकि वन विभाग की ओर से भी दो पार्क तैयार किए गए हैं। इन पार्कों में बच्चों के मनोरंजन के साथ बुजुर्गों और महिलाओं के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोग यहां घूमने, व्यायाम करने और सामाजिक मेलजोल के लिए पहुंच रहे हैं। नगर निगम आयुक्त पी.एल. शाह ने कहा कि पार्क और जिम सभी वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। शहर के प्रमुख बुद्धा पार्क में योग और खेलकूद सहित कई गतिविधियों की सुविधा है। सुरक्षा के लिए यहां पीआरडी जवान भी तैनात किया गया है। आने वाले समय में पार्क का और विकास किया जाएगा। वहीं, पार्क में नियमित रूप से आने वाले लोगों का कहना है कि शहर में ऐसे और पार्क बनाए जाने चाहिए, ताकि लोगों को खुले और स्वच्छ वातावरण में समय बिताने का अवसर मिल सके।

**शोध संस्थान/रोजगार**

चमोली जिले में जड़ी–बूटी शोध संस्थान, औषधीय पौधों पर शोध के साथ–साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का साधन भी बन रहा है। संस्थान के जरिए स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में ही काम मिल रहा है, वहीं किसानों को औषधीय पौधों की खेती के लिए पौध और तकनीकी मदद भी उपलब्ध कराई जा रही है। संस्थान हर साल करीब 5 से 6 लाख पौध तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराता है, जिससे औषधीय खेती को बढ़ावा मिलने के साथ किसानों की आय के नए अवसर भी बढ़ रहे हैं। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. सी.पी कुनियाल के अनुसार जिले में पाई जाने वाली जड़ी–बूटियों की गुणवत्ता तय करने के लिए लगातार शोध किया जा रहा है। इसका लाभ काश्तकारों को मिल रहा है। साथ ही स्थानीय फसलों की उत्पादकता बढ़ाने और कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए किसानों को तकनीकी मदद भी दी जा रही है।

जड़ी–बूटी शोध संस्थान का यह प्रयास पहाड़ में स्थानीय रोजगार बढ़ाने के साथ औषधीय पौधों और पारंपरिक फसलों को संरक्षण और बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है।

**सिंगल यूज प्लास्टिक**

देहरादून को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन का सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान जारी है। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देश पर नगर निगम के सभी 100 वार्डों में प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत 50 सेक्टर अधिकारियों ने अब तक एक हजार 776

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इनमें 762 प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग, भंडारण या वितरण पाए जाने पर कार्रवाई की गई। 550 प्रतिष्ठानों के चालान कर एक लाख 96 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है। साथ ही, 532 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर नष्ट किया गया। जिला प्रशासन ने नागरिकों और व्यापारियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि प्लास्टिक मुक्त देहरादून के लिए जनसहभागिता जरूरी है।

## एनसीसी प्रवेश

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाहीथौल, टिहरी में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी में प्रवेश प्रक्रिया 16 सितंबर को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए परिसर के एनसीसी अधिकारी प्रोफेसर रविंद्र सिंह ने बताया कि विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले इच्छुक छात्र–छात्राएं 16 सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे एनसीसी कार्यालय में अपने सभी जरूरी प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर एनसीसी के ए, बी और सी प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में परिसर में एनसीसी की तीन इकाइयां कार्यरत हैं। कई छात्र–छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न एनसीसी शिविरों में प्रतिभाग कर चुके हैं। इसके अलावा कई छात्र–छात्राओं ने परिसर से एनसीसी सी प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के बाद एसएसबी के माध्यम से भारतीय सेना में अधिकारी के योगदान दे रहे हैं। अनेक एनसीसी कैडेट्स को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है।